बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),
पटना– 800001

सिर्फ AMIE डिग्रीधारी उम्मीदवारों के लिए शुद्धि पत्र

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में सहायक प्राध्यापक तथा व्याख्याता (वि॰सं॰– 16/2014 से 28/2014 एवं 29/2014 से 43/2014 तक) के पदों पर नियुक्ति हेतु विभागीय अधियाचना के आलोक में आयोग द्वारा पूर्व में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2014 निर्धारित थी। सम्प्रति विभागीय संकल्प संख्या ज्ञापांक– वि॰प्रा॰(1)व^{2}– 50/2012–816, पटना, दिनांक 01.04.2015 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पोलिटेकनिक संस्थानों में सहायक प्राध्यापक तथा व्याख्याता के पदों पर नियमित नियुक्ति में भारत के संविधान क अनुच्छेद– 309 के परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों के आलोक में AMIE धारित योग्यता वाले अभ्यर्थियों को शैक्षणिक पद के सीधी नियुक्ति हेतु बी॰ई॰/बी॰टेक॰ समतुल्यता की मान्यता देते हुए निम्न संशोधन किए गए हैः–

''उक्त के आलोक में राज्य सरकार द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों के आलोक में बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा नियमावली– 2014 तथा बिहार पोलिटेकनिक शिक्षा सेवा नियमावली– 2014 में वर्णित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता यथा सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के अर्हता हेतु AMIE (Section- A & B) उत्तीण उम्मीदवार जिनका AMIE मं दिनांक 31.05.2013 तक Enrollment with permanent recognition प्राप्त है, को बी॰ई॰/बी॰टेक॰ उत्तीण की समतुल्यता के रूप में मान्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।''

उक्त संशोधन के आलोक में आयोग द्वारा समाचार पत्रों में दिनांक 22.08.2014 को प्रकाशित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में सहायक प्राध्यापक के लिए विज्ञापन संख्या– 16/2014 से 28/2014 तथा राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पद पर हेतु विज्ञापन संख्या– 29/2014 से 43/2014 तक में शामिल होने के लिए आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों की शैक्षणिक योग्यता में अंकित **"Distance mode AMIE mode से प्राप्त डिग्री या डिप्लोमा मान्य नहीं होगें''** को विलोपित करते हुए उसके स्थान पर उपर्युक्त संशोधित प्रावधान को प्रतिस्थापित किया जाता है। तदालोक में AMIE डिग्री धारी वैसे सुयोग्य उम्मीदवारों जो उपरोक्त वर्णित संकल्प के प्रावधानों के अन्तर्गत योग्य हो गये हैं, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. उपर्युक्त श्रेणी के सुयोग्य उम्मीदवार आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित विहित प्रपत्र में भरा हुआ आवेदन पत्र वांछित सभी प्रमाण पत्रों के साथ केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजे कि वह दिन मगलवार, दिनांक 05.05.2015 की संध्या 5.00 बजे तक संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाय।
3. वि॰सं॰– 16/2014 से 28/2014 एवं वि॰सं॰– 29/2014 से 43/2014 के अधीन जो उम्मीदवार पूर्व में आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। विज्ञापन की अन्य शर्त्तें पूर्व प्रकाशित उक्त विज्ञापनों के आलोक में ही मान्य होगो।

उपर्युक्त शुद्धि पत्र एवं संशाधित विहित प्रपत्र वि॰सं॰ 16/2014 से 28/2014 एवं वि॰सं॰ 29/2014 से 43/2014 आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना